उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
निकट–महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।
वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com

पत्रांकः 107 /2026–27 दिनांक–07 जुलाई, 2026

संवाद

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या–75/उ0अ0से0च0आ0/2026 दिनांक–10 अप्रैल, 2026 के क्रम में विभिन्न विभागों के अंतर्गत वाहन चालक एवं प्रवर्तन चालक के रिक्त 75 पदों की लिखित परीक्षा दिनांक–31 मई, 2026 को आयोजित की गई। लिखित परीक्षा के आधार पर रिक्त पदों के सापेक्ष निर्धारित अनुपात में जारी वाहन चालन की तकनीकी परीक्षा हेतु औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची दिनांक 19 जून, 2026 को आयोग की वैबसाइट पर प्रकाशित की गई है।

अवगत कराना है कि उक्त पदों की वाहन चालन दक्षता परीक्षा दिनांक–20 जुलाई, 2026 से संचालित की जायेगी। उक्त परीक्षा के लिए अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र दिनांक 13 जुलाई, 2026 से आयोग की वैबसाइट–**www.sssc.uk.gov.in** से डाउनलोड कर सकेंगे। वाहन चालन दक्षता परीक्षा के स्थल, तिथि व समय की सूचना अभ्यर्थियों को उनके प्रवेश पत्र के माध्यम से प्राप्त होगी। अभ्यर्थी परीक्षा दिवस को अपने वैध लाइसेंस व लाइसेंस की स्वप्रमाणित छायाप्रति, फोटोयुक्त पहचान पत्र व प्रवेश–पत्र के साथ वाहन चालन दक्षता परीक्षा के स्थल पर निर्धारित समयानुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थी को वाहन चालन दक्षता परीक्षा के प्रत्येक Event में प्रतिभाग करना व निर्धारित समय में प्रत्येक Event उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे समय–समय पर आयोग की वेबसाइट–**www.sssc.uk.gov.in** का अवलोकन करते रहें।

(एन0 एस0 डुंगरियाल)
सचिव।